संक्षिप्त समाचार

सारे देश के बोहरा रमजान में रोजा अफ्तारी और भोजन एक साथ और एक जैसा करेंगे

इन्दौर (इ)। बोहरा समाज का रमजान 26 मई से शुरू हो रहा है । पहली बार दाऊदी बोहरा समाज में रमजान के दिनों में समाज के लोग एक समय में एक जैसा भोजन करेंगे। रमजान के दौरान वह भोजन पौष्टिक और संतुलित भी हो। इसके लिए बाकायदा मैन्यू तैयार किया गया है। इस मैन्यू को धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के मुंबई स्थित मुख्यालय से जारी किया गया है।

देशभर की सभी मस्जिदों के जमातखाना तथा मोहल्ले की तंजीम कमेटियों को यह निर्देश जारी किए गए हैं। जिससे वह रमजान के दौरान सभी लोगों को इसकी जानकारी देकर और रमजान माह में बेहतर खानपान होने से रोजा अच्छे तरीके से रखी जा सकें। खुदा की इबादत भी अच्छी तरह से हो। बीमार, हाई ब्लड प्रेशर, लो ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीज भी रोजे के दौरान उन्हें कोई परेशानी ना हो उसका ध्यान रखा गया है। रमजान के शुरू होने से लेकर आखरी दिन तक समुदाय की सभी मस्जिदों की जमात खाने में सामूहिक रोजा इफ्तारी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। रोजा अफ्तार में नियमित रूप से खजूर और दूध दिया जाएगा। किसी दिन दूध के स्थान पर फल और सर्वत का भी उपयोग किया जा सकता है। रमजान माह में तेल घी और अधिक मिर्च मसालों से बनी खाद्य सामग्री का कम से कम उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। रात में जमात में ही सभी बोहरों को परिवार सहित भोजन होगा। इस भोजन में सलाद, दाल, हरी पत्तेदार सब्जियां प्रत्येक दिन अलग-अलग मीनू के अनुसार तैयार किए जाने का निर्देश दिया गया है । प्रतिदिन मेन्यु में बदलाव करने की निर्देश भी दिए गए हैं। बोहरा समाज ने पहली बार अपने समाज के सभी लोगों के लिए रमजान माह में इबादत और स्वास्थ्य कारणों से कोई कठिनाई उत्पन्न ना हो इसके लिए रोजा अफ्तार और भोजन को पौष्टिक बनाने में ध्यान दिया है।

अहिल्याबाई होलकर के जन्मोत्सव पर विविध प्रतियोगिताएं

इंदौर। प्रातः स्मरणीय लोकमाता देवीश्री अहिल्याबाई होलकर के 292वें जन्मोत्सव के अवसर पर श्री अहिल्याबाई जन्मोत्सव समिति द्वारा दिनांक 21 मई रविवार को सायं चार बजे से महाराजा यशवंतराव होलकर स्कूल उषानगर इंदौर पर चित्रकला, वेशभूषा एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सभी प्रतियोगिताएं प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आयोजित की गयी है। प्रतियोगी अपनी प्रविष्ठि स्पर्धा समय तक स्पर्धा संयोजक लक्ष्मण दातिर, प्रदीप गावड़े, वंदना लालगे, रागिनी खरात को भेजकर प्रतियोगिताओं में सहभाग कर सकते हैं अथवा 9993796599 पर सम्पर्क कर सूचना दे सकते हैं। यह जानकारी समिति की संरक्षक सुश्री उषा ठाकुर विधायक एवं संयोजक जयंत भिसे, अध्यक्ष मानवेंद्र त्रिवेदी ने जारी की।

जीवन बीमा निगम के म.प्र.-छग के झोनल मैनेजर मुकेश गुप्ता आएंगे

इन्दौर। भारतीय जीवन बीमा निगम के झोनल मैनेजर, म.प्र.-छग के प्रमुख मुकेश गुप्ता रविवार 21 मई को इंदौर आ रहे हैं। वे यहां भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रथम मुख्य जीवन बीमा सलाहकार डॉ. चंद्रप्रकाश हेड़ा के नए कार्यालय का सीएचएल हॉस्पिटल के सामने अनूप नगर स्थित राजस्थान पैलेस में प्रातः 11.30 बजे शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ संभागीय प्रबंधक रजत मुखर्जी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अतिथिद्वय जी.बी.नि. के प्रीमियम कलेक्शन सेंटर का भी शुभारंभ करेंगे।

रीमा लागू सच्ची कलाकार थी

इन्दौर। फिल्म अभिनेत्री रीमा लागू के निधन पर सांई प्रचार मिशन कार्यालय सुदामा नगर में अलका गुप्ता (उदयपुर) की अध्यक्षता में शोकसभा हुई। कमल साबू ने कहा कि बहुत कम उम्र में फिल्मी मां का यूं जाना खलता रहेगा। 69 साल की उम्र में सौ से ज्यादा मराठी फिल्मों में आपने काम किया था। रीमा लागू ने अपने जीवनकाल का अंतिम विज्ञापन सच्चा साबू साबूदाना सेलम के लिए किया था। उन्होने सलमान खान की मां का रोल अधिकतर फिल्मों में किया था। कु. साम्राज्ञी गुप्ता ने कहा कि मां के लिए चार बार फिल्म फेयर अवार्ड मिले रीमा लागू का वास्तविक जीवन में भी सच्चाई अच्छी से नाता रहा। सादा जीवन उच्च विचार की धनी रीमा लागू का असमय जाना सबके लिए पीड़ादायी रहा है। उनका नाटक नामकरण टीवी पर चल रहा है, जिसमें दादी की भूमिका निभा रही थी। सांई प्रचार मिशन परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी स्मृति में राम नाम पत्रकों का वितरण भी किया।

जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री आशीष जैन, 2. श्रीमती मनीषा जैन, 3. कु. अवनी जैन पिता श्री आशीष जैन निवासः- 68, प्रकाश नगर धार, द्वारा भूखण्ड क्रमांक 26 समरपार्क इन्दौर पर विकास योजना 2021 में मिश्रित उपयोग नियम की कंडिका 6.10.10 के बिन्दु क्रमांक 05 में अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रित उपयोग हेतु 39.12 वर्ग मीटर पर व्यावसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी को आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस में भवन अधिकारी झोन क्रं. 08 के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है। तथा नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी की जावेगी।

श्री आशीष जैन

सी-507 **निवासी :- 68, प्रकाश नगर, धार, इन्दौर (म.प्र.)**

शिक्षक कल्याण समिति, सुदामा नगर, इन्दौर कार्यालय- 4ए, सुदामा नगर इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/क्यू

जाहिर सूचना

दिनांक १७/५/१७

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री श्याम मोहरिर पिता श्री बलवन्त मोहरिर** विक्रेता **निवासी 3097, सुदामा नगर, इन्दौर** जिनका सदस्यता क्रमांक **5564ए** इनके द्वारा सुदामा नगर भूखण्ड क्रमांक **3097 (भाग)** जिसकी साईज 25X30=750 वर्गफुट है, जिसका नामान्तरण करने का आवेदन नवीन सदस्य (1) **अखिलेश राजावत** (2) **श्रीमती ज्योति राजावत** का प्राप्त हुआ है। यदि किसी का हक्क, बोझ, भार या आधिपत्य भूखण्ड क्रमांक **3097 (भाग)** पर हो तो सूचना प्रकाशन से एक सप्ताह में मय भूखण्ड के मूल दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति शिक्षक कल्याण समिति सुदामा नगर, इन्दौर के कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 1 बजे के समय में प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद आवेदक के नाम से नामान्तरण कर दिया जावेगा इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सी-५०६/१ **शिक्षक कल्याण समिति, सुदामा नगर, इन्दौर**

जल संरक्षण और स्वच्छता में जनभागीदारी पर बल

स्वच्छ भारत अभियान से बदल रही है गांवों की तस्वीर

इन्दौर।

स्वच्छ भारत मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ी है। गांवों में शौचालय बन जाने से गंदगी काफी हद तक कम हो गई है। अब ग्रामीणों की भी जिम्मेदारी है कि अपने अपने गांव को स्वच्छ और पालीथीन मुक्त बनाने में स्वेच्छा से आगे आयें। स्वच्छता में जनभागीदारी को बढ़ावा देने की जरूरत है ताकि प्रत्येक कार्य के लिये शासकीय अनुदान या योजना का सहारा न लेना पड़े।

ये कहना है ग्राम तिल्लौर बुजुर्ग के युवा छोगालाल मालवीय, शैलेन्द्र मालवीय, रविदास दांगी सहित अनेक युवाओं का. क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय, इन्दौर, द्वारा केन्द्र सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल पर आयोजित 'जन की बात ' कार्यक्रम में इन युवाओं ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, जन-धन योजना, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण आदि योजनाएं बहुत अच्छी हें तथा इनका लाभ सभी को लेना चाहिये ।इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय, इन्दौर के सहायक निदेशक मधुकर पवार ने बताया कि केन्द्र सरकार ने समाज के सभी आयु और वर्ग के लोगो के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं. पवार ने स्वस्थ रहने के लिये योग -प्राणायाम करने तथा गले महीने 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर योग का कार्यक्रम आयोजित करने की भी सलाह दी. कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक किशोर गाठिया ने किया ।

देवी अहिल्या विश्व विद्यालय मे मनाया वार्षिकोत्सव

इंदौर। शिक्षा अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वद्यिालय द्वारा अपना वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज 18 मई 2017 को विश्वविद्यालय के सभागृह आडिटोरियम, तक्षशिला परिसर, खण्डवा रोड मे किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नरेन्द्र धाकड द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय एन.एस.एस. समन्वयक डॉ. प्रकाश गढवाल ने कार्यक्रम की शोभा बढाई। कार्यक्रम का संचालन सुश्री वीणा पैठणकर द्वारा तथा आभार प्रर्दशन सुश्री ममता महोबिता द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे प्रो. एस.के.त्यागी, प्रो. अर्चना दुबे, प्रो. रमा मिश्रा तथा प्रो. कामाक्षी अग्निहोत्री मंच पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम मे विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक गायन व नृत्य की प्रस्तुतियां की गई।

डिजिटल हुआ पोस्ट आफिस

अब पोस्टमेन आपसे मोबाईल पर लेगा हस्ताक्षर

इंदौर, (राजेन्द्र के.गुप्ता 98270-70242)।

रजिस्टर्ड डाक लाने वाला डाकिया अब स्मार्ट मोबाईल फोन के साथ आपकी डाक लेकर आ रहा है और प्राप्ति कागज पर नही मोबाईल पर ले रहा है जिससे डाक लेने वालो को आश्चर्य हो रहा है। मतलब अब अगर आपके यहा कोई रजिस्टर्ड डाक आएगी तो आपको पोस्टमेन को मिले सरकारी मोबाईल पर हस्ताक्षर करना है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया का नारा दिया है इस दिशा में पोस्ट आफिस विभाग ने बड़ा निर्णय लिया और 17 मई से लागू भी कर दिया। पोस्टमेन अब इधर आपको डाक देकर मोबाईल फोन पर रिसिवड लेगा ,उधर पोस्ट आफिस विभाग के एस एस पी के पास रिपोर्ट चली जाएगी कि डाक आपको डिलिवर्ड हो गई है। पोस्ट आफिस और पोस्टमेन के डिजिटल होने से पोस्टमेन की लोकेशन भी पोस्ट आफिस के वरिष्ठ अधिकारियों के पास हर समय रहेगी। मतलब अब आपकी डाक समय पर आप तक पहुचेगी ही इसके लिए आप निश्चिंत रहे। पहले कई बार डाक कचरे के ढ़ेर में मिलने की घटनाएं सामने आई है। पोस्टमेन राजू चावला ने बताया कि अब उन्हें भी सुविधा हो गई है और कागज संभालने के झंझट से मुक्ति मिल गई है, काम भी जल्दी निपट जाता है और आसानी भी हो रही है। पोस्टमेन राजू ने बताया हमारी मेहनत पर अब सवाल भी नही उठगे। पोस्टमेन को सेमसंग कंपनी के जे-2 मोबाईल दिए गए है। फिलहाल जिन्हें डाक देकर पोस्टमेन मोबाईल पर रिसिवड ले रहे है उन्हें कौतुहल और आश्चर्य हो रहा है। कई आफिसों और घरों में कर्मचारी की बजाए मालिक खुद पोस्टमेन के मोबाईल पर रिसिवड देकर अपनी जिज्ञासा शांत कर रहे है।

3 साल की उम्र से विद्युत कलरीपायट्टु कर रहे

इंदौर।

अपनी मूवी कमांडो 2 के वर्ल्ड टेलेवीशन प्रेमियर के प्रमोशन के लिए इंदौर आये बॉलीवुड के सबसे चुस्त और दरुस्त हीरो विद्युत जम्वाल ने मीडिया से बात-चीत के दौरान उन्होंने सबको बताया कि 3 साल कि उम्र से कलरीपायट्टु कर रहे है, जिसमे सिर्फ आदमी को मरना ही नहीं बल्कि सामने वाले को ठीक करना भी सिखाते है. इस कला से उनका परिचय उनकी माँ ने करवाया, कलरीपायट्टु केरेला कि मशहूर कला है. विद्युत का पूरा परीवार देश की सेवा आर्मी और मिलिट्री में कर रहा यही. विद्युत ने भी आर्मी ज्वाइन करने का ख्वाब देखा था पर वह आर्मी कि परीक्षा पास पर नहीं कर पाए. विद्युत ने बोला कि उनके पास 21 लड़को कि एक टीम है, जो मुंबई कि गलियों में रहती है. विद्युत ने उनको खुद ट्रैन किया है, और उनको अपनी हर फिल्म मैं रखते है. ताकी एक्शन सीन्स में गलती से भी किसी को चोट न लग जाये. अपनी सेहत का राज़ बताते हुए उन्होंने कहा कि वह सुबह उठ कर कलरीपायट्टु का अभ्यास करते है और फिर जियम में पसीना बहते है. कुछ सालो पहले विद्युत ने मासमच्छी भी छोड़ दिया था. जिसके साथ ही उनमे एक अलग सी चुस्ती आगयी . काफी लोगो का इंटरव्यू पड़के विद्युत ने दुनिया को यह सन्देश भी दिया कि खाना बंद करने से किसी कि भी सेहत अच्छी नहीं होती यही बल्की सही खाना खाने से होती है.

2016 में आई विद्युत जम्वाल की हिट पिक्चर कमांडो 2 का 20 मई को रात 9 बजे ज़ी सिनेमा पे वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर होगा. डेढ़ साल तक शूटिंग करने के बाद मार्च में रिलीज़ हुई कमांडो 2 में दिखाया गया है की किस प्रकार 4 लोगो की जांबाज़ टुकड़ी विदेश में छुपे काले धन को कैसे खींच के वापिस हिंदुस्तान में लती है. मीडिया से हुई बात चीत में विद्युत ने कहा कि भारत में बहोत सारे लोग है जो मूवी को थिएटर में जा कर नहीं देख सकते है, उनके लिए वह यह मूवी को टी.वी. पर दिखाई जाएगी, मेरी पुराने मूवीज ने पहले भी टी.वी. पे अच्छा प्रदर्शन किया है, में ज़ी से भी वही उम्मीद रखता हूँ और दर्शकों से भी वही उम्मीद रखता हूँ कि वह मुझे इसी तरह प्यार देते रहे.

सिनर्जी बिजकॉन लिमिटेड

(CIN: L 45201 MP1993PLC007647)

पंजीकृत कार्यालय : 404, नवनीत प्लाजा, 5/2 ओल्ड पलासिया, इन्दौर-452001, मध्यप्रदेश, टेलीफैक्स : 0731-4202337

ई-मेल- Synergybizcon@gmail.com, Website : www.sbcl.co.in

सूचना

यह सूचित किया जाता है कि सेबी (लिस्टिंग आब्लिगेशन एण्ड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेग्युलेशन, 2015 के रेग्युलेशन 47(1)(ए) एवम् 29(1)(ए) के अनुपालन में कंपनी के संचालक मण्डल की बैठक क्रं. 1/17-18 सोमवार 29 मई, 2017 के दोप. 3.00 बजे कंपनी के सूरत, गुजरात स्थित कार्पोरेट कार्यालय में आयोजित होना निर्धारित है। बैठक में तदनुसार 31 मार्च, 2017 की समाप्त तिमाही एवं वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों, स्टेटमेंट ऑफ एसेट्स एवम् लायबिलिटीज पर विचार कर स्वीकृति प्रदान की जावेगी।

आगे यह भी सूचित किया जा रहा है कि सेबी (प्रोहिबिशन ऑफ इनसाइडर ट्रेडिंग) रेग्युलेशन 2015 एवम कम्पनी के कोड ऑफ कन्डक्ट के तहत कंपनी की ट्रेडिंग खिड़की 18 मई 2017 से 31 मई 2017 तक (दोनों दिवसों को सम्मिलित करते हुए) बंद रहेगी।

यह सूचना कंपनी की वेबसाईट **www.sbcl.co.in** एवम् स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट **www.bseindia.com** एवम **www.cse-india.com** पर भी उपलब्ध है।

हस्ता/-
स्थान : सूरत **प्रियंका वडनेरे**
दिनांक 18.05.2017 (कंपनी सचिव)
एवं अनुपालन अधिकारी
एसीएस क्रं. 40499

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

निविदा शाखा (नर्मदा जलप्रदाय), प्रथम तल ट्यूबवेल विभाग

Email: ee2_narmada@rediffmail.com, Phone: 0731-2712846

निविदा सूचना क्रमांक: 06/2017-18/नर्मदा परि./न.पा.नि/

ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

इंदौर, दिनांक: 15.05.2017

निम्नानुसार ऑनलाइन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mpeproc.gov.in पर देखा जा सकता है।

नि.स. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ऑनलाइन निविदा क्र.	समय सीमा
1 प्रथम आमंत्रण	झोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-23 कॉटन अड्डा टंकी क्षेत्र अंतर्गत क्लर्क कॉलोनी एक्सटेंशन में 40 एम.एम. व्यास की जी.आई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना।	1,75,110/-	4,000/-	1,000/-	10369	03 माह
2 द्वितीय आमंत्रण	झोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-19 के अंतर्गत मुखर्जी नगर गली नम्बर 06 एवं 07 में 15,25 एवं 50 एम.एम. व्यास की जी.आई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना।	1,21,778/-	2,500/-	1,000/-	10369	03 माह
3 द्वितीय आमंत्रण	झोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-23 कॉटन अड्डा टंकी क्षेत्र अंतर्गत यशोदा नगर गली नम्बर 01,02,03 एवं 04 में 40 एम.एम. व्यास की जी.आई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना।	1,77,520/-	4,000/-	1,000/-	10369	03 माह
4 प्रथम आमंत्रण	झोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-18 अगरबत्ती कॉम्प्लेक्स टंकी क्षेत्र अंतर्गत मेटलमेन फैक्ट्री के पास 250 एम.एम. व्यास की एम.एस. पाईप लाइन से सीमेन्ट कांक्रीट रोड़ पर गणेश धाम कॉलोनी को जलप्रदाय हेतु पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग के साथ अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना।	3,52,891/-	7,500/-	2,000/-	10369	03 माह
5 द्वितीय आमंत्रण	झोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-20 अंतर्गत न्यू गौरी नगर बिरला हॉस्पिटल के सामने विभिन्न स्थानों पर 15 एवं 50 एम.एम. व्यास की जी.आई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना।	3,49,032/-	7,000/-	2000/-	10369	03 माह
6 द्वितीय आमंत्रण	झोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-23 के अंतर्गत परदेशीपुरा मकान नं 31/2 एवं 214 क्लर्क कॉलोनी के पास स्थित सार्वजनिक बोरिंग से 15 एवं 50 एम.एम. व्यास की जी.आई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना।	1,86,356/-	4,000/-	1,000/-	10369	03 माह
7 प्रथम आमंत्रण	झोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-18 क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेवती में आर.सी.सी. टंकियों का निर्माण कार्य करने बाबद्।	3,57,932/-	7,500/-	2,000/-	10369	03 माह
8 प्रथम आमंत्रण	झोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-18 अगरबत्ती कॉम्प्लेक्स टंकी पर पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य करने बाबद्।	9,74,761/-	19,500/-	2,000/-	10369	03 माह
9 प्रथम आमंत्रण	झोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-18 के अंतर्गत विभिन्नों पर 15,40 एवं 50 एम.एम. व्यास की जी.आई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना।	19,04,287/-	38,100/-	2,000/-	10369	04 माह
10 द्वितीय आमंत्रण	झोन क्रमांक-16 वार्ड क्रमांक-05 नगीन नगर टंकी क्षेत्र अंतर्गत रजानगर एक्सटेंशन में (काली टंकी के पास) 160 एवं 110 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग, इंटरकनेक्शन एवं कमीशनिंग के साथ अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना।	4,52,271/-	9,100/-	2,000/-	10369	03 माह
11 द्वितीय आमंत्रण	झोन क्रमांक-16 वार्ड क्रमांक-05 नगीन नगर टंकी क्षेत्र अंतर्गत रजानगर सेक्टर-ई में मकान नं. 316 से 422 तक 160 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन एवं रोड क्रासिंग हेतु 100 एम.एम. व्यास की ए.सी.पी. पाइप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग के साथ अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना।	2,36,952/-	4,800 /-	2,000/-	10369	03 माह

1.	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की दिनांक	:	17.05.2017 से 29.05.2017 तक
2.	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की दिनांक	:	17.05.2017 से 30.05.2017 तक
3.	निविदा प्रपत्र के मूल दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने की दिनांक	:	31.05.2017 सायं 17.00 तक
4.	निविदा ऑनलाइन खोलने की दिनांक (ENVELOPE A/B)	:	01.06.2017, 15.30 बजे
5.	निविदा ऑनलाइन खोलने की दिनांक (ENVELOPE C)	:	01.06.2017, 15.40 बजे

टिप:
- आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल म.प्र. द्वारा जारी सर्क्युलर क्रमांक शा.प्रा./07/2013/3616 भोपाल दिनांक 22/5/2013 अनुसार निविदा स्वीकृत होने के उपरांत न्यूनतम निविदादाता को अनुबंध के साथ 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।
- ई.पी.एफ. रजिस्ट्रेशन की जानकारी निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- विस्तृत निविदा विज्ञप्ति एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिये http://mpeproc.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है।

नोट:
(1) उपरोक्त निविदा में भविष्य में होने वाले समस्त संशोधनों को केवल विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा एवं इनका प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।
(2) विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण उक्त वर्णित पोर्टल पर देखा जा सकता है।
(3) सभी ठेकेदार/फर्म रजिस्ट्रेशन एवं इम्पलीमेन्ट के लिये TATA CONSULTANCY & ANTARES SYSTEMS LTD. eproc_helpdesk@mpsedc.gov.in, Contact no. 18002745454 पर संपर्क करें।
(4) निविदा तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर, तन्दुसार ही प्रस्तुत कि जाना होगी। प्रथम लिफाफा में राष्ट्रीयकृत बैंक की अर्नेस्टमनी/एफ.डी.आर. एवं पंजीयन पत्र की प्रति, दूसरें लिफाफे में निविदा प्रपत्र सीलबंद कर दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे में सीलबंद कर निविदा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में कार्यपालन यंत्री, संधारण खण्ड क्रमांक-02 (निविदा शाखा ट्युबवेल विभाग) प्रथम मंजिल, इंदौर नगर पालिक निगम पर निर्धारित दिनांक को प्रस्तुत की जावें।
(5) लिफाफा ए एवं बी में विभाग द्वारा चाही गई जानकारी अनुसार जानकारी पाये जाने पर ही लिफाफा सी खोला जावेगा।

PART-A

प्रतिबंधित पॉलीथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
संधारण खण्ड क्रमांक-2, (निविदा शाखा ट्यूबवेल विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर